# राजस्थान सरकार

## निदेशालय विशेष योग्यजन

जी-3/1 ए, अम्बेडकर भवन, राजमहल पैलेस के पीछे, रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर।

क्रमांक : एफ 16(1)( )वि.यो./ जयपुर, दिनांक :

## अभिरूचि की अभिव्यक्ति

(Expression of Interest)

स्वयं सेवी संस्थाओं से जो निःशक्तजन अधिनियम, 1995 के तहत पंजीकृत है तथा विशेष योग्यजनों के क्षेत्र में कार्यरत हैं, ऐसी स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से मानसिक विमंदित महिला एवं बाल कल्याण पुनर्वास गृह, स्वयंसिद्धा परिसर, जामडोली, जयपुर में 6 से 18 वर्ष तक के मानसिक विमंदित विशेष योग्यजनों के शिक्षण हेतु 100 की क्षमता का विशेष विद्यालय एवं 18 वर्ष से अधिक आयु के मानसिक विमंदित विशेष योग्यजनों के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु 100 की क्षमता का व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु इच्छुक स्वयं सेवी संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। उक्त प्रस्ताव उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर (शहर) एवं जिला कलक्टर, जयपुर की स्पष्ट अभिशंषा के साथ दिनांक 01.01.2017 तक निदेशालय को प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र प्रारूप एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय बेवसाईट http://sje. rajasthan.gov.in अथवा कार्यालय उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर (शहर) एवं निदेशालय विशेष योग्यजन जी-3/1 ए, होटल राजमहल पैलेस के पीछे, रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर से सम्पर्क किया जा सकता है। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे।

**निदेशक**

**एवं संयुक्त शासन सचिव**

E:\old-pc-data\Perx\HANDICAPPED\Vegaypati.doc

## राजस्थान सरकार
## निदेशालय विशेष योग्यजन
## मानसिक विमंदित महिला एवं बाल कल्याण पुनर्वास गृह, जामडोली, जयपुर में व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र/गैर आवासीय विद्यालय संचालन हेतु आवेदन प्रारूप

1 संस्था का नाम :

2 पता, दूरभाष नं. एवं ई-मेल :

3 क्या संस्था :

अ. निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा 52 (2) के अन्तर्गत पंजीकृत है? प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

ब. अन्य किसी अधिनियम/संस्था/ संगठन से पंजीकृत हो, तो पंजीयन का विस्तृत विवरण, अधिनियम का उल्लेख करते हुए। प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

4 संस्था की स्थापना की दिनांक एवं वर्ष :

5 संस्था का प्रकार : कृपया बताये कि क्या संस्था शिक्षण या प्रशिक्षण या दृष्टिहीन, मूक बधिरों, अस्थि विशेष योग्यजनों अथवा मंदबुद्धि व्यक्तियों के कार्य क्षेत्र में कार्यरत है ? विवरण संलग्न करें। :

6 संस्था का संक्षिप्त विवरण एवं इसके उद्देश्य तथा गतिविधियां (विगत 3 से 5 वर्ष की गतिविधियों का विवरण संलग्न करें) :

7 क्या संस्था राज्य सरकार से किसी योजना में पूर्व में अनुदान प्राप्त कर रही है? विवरण अंकित करें। :

8 क्या संस्था राष्ट्रीय स्तर की है ? यदि हां, तो सम्पूर्ण भारत में संचालित गतिविधियों का प्रकार व विवरण संलग्न करें। :

9 क्या संस्था द्वारा संचालित परियोजना स्वयं/किराये के भवन में संचालित है ? :

10 प्रस्तावित परियोजना में लाभान्वित विशेष योग्यजनों की संख्या (श्रेणीवार विवरण संलग्न करें) :

11 परियोजना के संभावित प्रारम्भ एवं समापन की तिथि एवं वर्ष :

12 क्या परियोजना में किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी स्रोत से सहायता मिल रही है। विवरण संलग्न करें। :

13 क्या परियोजना की क्रियान्विति हेतु प्रशिक्षित कर्मचारी एवं अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध हैं ? यदि हां, तो पूर्ण विवरण दें। :

अ. यदि नये कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी है तो इस हेतु उनकी निर्धारित शैक्षणिक व्यावसायिक योग्यता (आर.सी.आई. नोर्म्स के अनुसार) एवं अनुभव का विवरण संलग्न करें।

ब. संस्था में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या व पूर्ण विवरण नाम, पता, आयु, शैक्षणिक योग्यता, नियुक्ति तिथि, उनके बैंक खातों का विवरण आदि सहित संलग्न करें।

14 संलग्न प्रपत्रों एवं दस्तावेजों की सूची :

3/4/22

A 1. निःशक्त व्यक्ति नियम 1995 की धारा 52 (2) एवं अन्य अधिनियमों में पंजीयन के प्रमाण पत्र की प्रमाणित छाया प्रति :

2. किशोर न्याय अधिनियम अन्तर्गत जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रमाणित छाया प्रति।

B संस्था के उद्देश्य, लक्ष्य एवं गतिविधियों के विवरण सहित।

C संस्था का विधान

D नियंत्रण मण्डल कार्यकारिणी के सदस्यों का विवरण :

E गत तीन वर्षो के वार्षिक प्रतिवेदन :

F संस्था पिछले दो वर्षों के लेखों का चार्टेड अकाउन्टेन्ट अथवा शासकीय अंकेक्षण द्वारा प्रमाणित आय व्यय विवरण प्राप्तियां एवं भुगतान विवरण बैलेन्स शीट : :

G पिछले पांच वर्षों में सहायता स्वरूप केन्द्रीय राज्य सरकार/केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड/स्थानीय निकाय अथवा किसी अर्द्ध शासकीय संस्था से प्राप्त सहायता, परियोजना हेतु प्रस्तुत आवेदन का सम्पूर्ण विवरण मय वर्ष, उद्देश्य, राशि आदि :

H परियोजना हेतु आवर्तक एवं अनावर्तक व्यय का वर्षवार विवरण :

I प्रस्तावित परियोजना को संचालित किये जाने वाले भवन का सामान्य नक्शा जिससे भूमि का क्षेत्रफल एवं कक्षों की संख्या, शौचालय एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधा का विवरण अंकित हो। :

J केन्द्र/राज्य/सहकारी/अर्द्धसरकारी/ गैर सरकारी सहायता से क्रय किये गये सहायता मदवार उपकरण औजार, फर्नीचर, पुस्तकें आदि की उपलब्ध संख्या का विवरण :

K संस्था द्वारा जिस वर्ष के लिए अनुदान प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। उस परियोजना का सम्पूर्ण अनुमानित बजट प्रस्ताव। :

L संस्था के पदाधिकारियों का शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप में।

15 अतिरिक्त पत्रों/सूचनाओं की सूची यदि हों :

दिनांक :

अध्यक्ष/ सचिव
के हस्ताक्षर मय संस्था की मोहर